दिनांक 16 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान | स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने c&d मटेरियल से बनाए जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने जोन क्रमांक 3 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले डॉग हाउस के समीप , सी & डी वेस्ट मटेरियल से बनाए जा रहे हैं उपयोगी वस्तुओं का निरीक्षण किया! बहते हुए शहरीकरण के साथ-साथ भवनों एवं अन्य निर्मित संरचनाओं का विध्वंस कर पुनर्निर्माण/नवीनीकरण करने के कारण निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट अत्यधिक मात्रा में उत्पन्न हो रहे हैं इनकी मात्रा में निरंतर वृद्धि हो रही है जिसका इसी स्तर पर समुचित निपटान किया जाना आवश्यक है! व्यवसायिक एवं घरेलू उत्पाद के निर्माण कार्यों से निकलने वाले बेकार पड़े हुए अवशेष को पुनः उपयोग करने के लिए जोन क्रमांक 3 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र अंतर्गत डॉग हाउस के समीप का स्थल का चयन किया गया है जिसमें ऐसे बिल्डिंग के निर्माण एवं विध्वंस मटेरियल के अवशेषों को जोकि सड़क पर इधर-उधर बिखरे रहते हैं उन्हें एकत्रित कर पुनः उपयोग में लाने का कार्य किया जाता है! सर्वप्रथम इनको बारिक रूप में परिवर्तित किया जाता है इनको अलग-अलग आकार के हिसाब से रखने के लिए एक मैनुअल मशीन तैयार किया गया है तत्पश्चात इनको मिश्रित कर एक सांचे में ढाल दिया जाता है जिसे कुछ दिन तक उसी अवस्था में रखा जाता है पूर्ण रूप से मजबूत हो जाने पर उपयोग में लाने के लायक हो जाता है! वर्तमान में c&d वेस्ट से सीमेंट की प्लेट, मैनहोल चेंबर की प्लेट, रोड में लगाने के लिए स्टॉप डिवाइडर ,ब्रिक्स एवं ब्लॉक, ड्रेन कवर आदि तैयार किया जा रहा है!

इसके पश्चात आयुक्त महोदय द्वारा दीनदयाल अन्न सहायता योजना को लेकर कराए जा रहे भोजन का निरीक्षण किया तथा एस.एल.आर.एम. सेंटर के लिए स्थल चयन करने हेतु निरीक्षण किया गया!

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''